**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

# इस सितम्बर ब्रैम्पटन में ट्री मंथ मनाएं!

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (1 सितम्बर, 2023) – सी.एन. (CN) द्वारा प्रायोजित (स्पांसर्ड) ट्री मंथ (Tree Month) के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन से जुड़ें और हमारे हरे-भरे शहर और इसके खूबसूरत पेड़ों का जशन मनाएं! सिटी और इसके साझेदार, ट्री मंथ का जशन मनाने के लिए सितम्बर का पूरा महीना कई प्रकार के प्रोग्रामों तथा कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे और निवासियों को मजेदार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

**पेड़ लगाना और मुफ्त बांटना (गिवअवे)**

सिटी, ब्रैम्पटन के निवासियों को 500 पेड़ मुफ्त प्रदान करेगी। निवासी मुफ्त पेड़ लेने के लिए नीचे दिए स्थानों में से किसी एक पर आ सकते हैं। ऐसा करके वे इस महीने अधिक पौधे लगाने में और 2040 तक 1 मिलियन पेड़ लगाने के लक्ष्य के पास पहुंचने में ब्रैम्पटन की मदद कर सकते हैं!

**23 सितम्बर:**

- गोर मेडोज (Gore Meadows) में स्काउट एंड कम्युनिटी ट्री प्लांटिंग (Scout and Community Tree Planting) | सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक
- ट्री गिवअवे गोर मेडोज रेक सेंटर (Tree Giveaway Gore Meadows Rec Centre) पार्किंग लॉट | सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक
- अर्नसक्लिफ रेक सेंटर (Earnscliffe Rec Centre) पार्किंग लॉट | दोपहर बाद 1 बजे से 3 बजे तक

**24 सितम्बर:**

- जिम अर्चडेकन रेक सेंटर (Jim Archdecken Rec Centre) पार्किंग लॉट | सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक
- क्रिस गिब्सन रेक सेंटर (Chris Gibson Rec Centre) पार्किंग लॉट | दोपहर बाद 1 बजे से 3 बजे तक

**ट्री मंथ के कार्यक्रम**

- 10 सितम्बर – बाईक ब्रैम्पटन (Bike Brampton) के साथ ट्री बाईक टूर

निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे सिटी की सबसे पहली ट्री मंथ फोटोग्राफी प्रतियोगिता में हिस्सा लें। ब्रैम्पटन की खूबसूरत ट्रेलों की पड़ताल करें और पीटर वोलैबन (Peter Wohllaben) के द्वारा हिडन लाइफ ऑफ ट्रीज (Hidden Life of Trees) की प्रति जीतने के अपने अवसर के लिए पेड़ का फोटो खींचें।

क्या थोड़ी प्रेरणा चाहिए? यहां घूमते समय फोटो खींचने के कुछ सुझाव दिए गए हैं:

- पेड़ के पत्ते का क्लोज अप

- पसंदीदा पेड़
- आपके यार्ड या पार्क में एक पेड़
- एक वुडलॉट
- एक खास पेड़, जिसकी कोई कहानी हो

अपनी फोटो, www.brampton.ca/treemonth पर ऑनलाइन जमा करें। अपनी तस्वीरों को, #BramptonTrees का प्रयोग करते हुए सोशल मीडिया पर साझा करना न भूलें और हमारे चैनलों, @CityBrampton पर तथा वेबसाइट www.brampton.ca/trees पर पेश किए जाने का अवसर पाएं!

**पेड़-स्रोत**

इन उपयोगी पेड़ संसाधनों का प्रयोग करते हुए पेड़ों के बारे में सब कुछ जानें और ट्री मंथ में हिस्सा लें:

- ब्रैम्पटन ट्रीज (Brampton Trees)
- सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के द्वारा पेड़ों की देखभाल संबंधी सुझाव (Tree Care Tips from the City of Brampton)
- इंटरएक्टिव ट्री ट्रैकिंग टूल (Interactive Tree Tracking Tool)
- वन मिलियन ट्रीज प्रोग्राम (One Million Trees Program)
- ट्री कैनेडा (Tree Canada)

**ब्रैम्पटन के पेड़ों के बारे में तथ्य**

- इस समय ब्रैम्पटन में लगभग 3.6 मिलियन पेड़ हैं और रीजन ऑफ पील (Region of Peel) तथा भिन्न कन्जरवेशन अथॉरिटीज (Conservation Authorities) के साथ मिलकर, अर्बन कैनोपी एसेस्मेंट (Urban Canopy Assessment) स्टडी की जा रही है
- सिटी और इसके भागीदारों – जिनमें शामिल हैं, कन्जरवेशन अथॉरिटीज, रीजन ऑफ पील, स्कूल बोर्ड और विकास इंडस्ट्री – ने ब्रैम्पटन में हर वर्ष 40,000 तक पेड़ लगाए हैं।
- 2014 के बाद से, ब्रैम्पटन में एक तिहाई मिलियन पेड़ लगाए गए हैं।

**वन मिलियन ट्रीज प्रोग्राम (One Million Trees Program)**

फरवरी 2020 में, ब्रैम्पटन काउंसिल (Brampton Council) ने ब्रैम्पटन वन मिलियन ट्रीज प्रोग्राम को मंजूरी दी थी – यह, पेड़ लगाने संबंधी पहलकदमियों को बढ़ाने और 2040 तक एक मिलियन पेड़ों के लक्ष्य को कार्य रूप देने के लिए, सिटी और इसके साझेदारों के लिए एक फ्रेमवर्क है।

एक मिलियन नए पेड़ों का अपना लक्ष्य पूरा करने में ब्रैम्पटन की मदद करने में हर कोई महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, चाहे सिटी अपनी खुद की प्रॉपर्टीज पर लगा रही हो या, निवासी, कारोबारी या सिटी के साझेदार, पेड़ लगाने के कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हों, पेड़

लगाने के महत्व और ब्रैम्पटन वन मिलियन ट्री प्रोग्राम के बारे में जागरूकता फैलाना और/अथवा पूरे शहर में पेड़ लगाने की हिमायत करने के लिए संसाधन डोनेट करना हो।

**हवाले**

"ट्री मंथ, हमारे लिए अपने हरे-भरे शहर को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने का शानदार समय है! मैं सभी निवासियों को, इस महीने शामिल होकर हमारी पूरी कम्युनिटी में पेड़ लगाने में हमारी मदद करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। पेड़ बहुत-से लाभ देते हैं, जिनमें शामिल हैं, अधिक साफ हवा, जलवायु संबंधी बदलाव के प्रभावों को कम करना और हमारी कम्युनिटी को खूबसूरत बनाना। इसमें हिस्सा लेना सुनिश्चित करें और हमारे साथ मिलकर ट्री मंथ का जशन मनाएं तथा ट्री गिवअवे के दिनों में एक दिन अपना मुफ्त पेड़ लेकर जाएं!"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 90,000 से अधिक कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca